भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 2913

उत्तर देने की तारीख 13 अगस्त, 2026 (गुरूवार)

22 श्रावण, 1948 (शक)

प्रश्न

पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डेवाइन) की प्रगति

2913# **श्री प्रदीप कुमार वर्मा**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में अवसंरचना, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन एवं आजीविका के क्षेत्रों में समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डेवाइन) का क्रियान्वयन किया जा रहा है;

(ख) यदि हाँ, तो इस योजना के अंतर्गत अब तक संस्वीकृत एवं कार्यान्वित परियोजनाओं का राज्य-वार तथा क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने, निवेश आकर्षित करने तथा रोजगार सृजन के लिए कोई विशेष पहल की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (घ): पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम है, जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कुल 6,600 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ अनुमोदित किया है। इस स्कीम का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र में अवसंरचना, सामाजिक विकास और आजीविका से जुड़ी परियोजनाओं की सहायता करना है। अक्तूबर 2022 में इसकी शुरुआत से लेकर दिनांक 31.07.2026 तक, पीएम-डेवाइन स्कीम के तहत पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में कुल 6,501.79 करोड़ रुपये की लागत वाली 53 परियोजनाओं को मंज़ूरी दी गई है। पीएम-डेवाइन के तहत स्वीकृत परियोजनाओं में कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन और आजीविका से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं, जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्र में रोज़गार पैदा करने और आर्थिक विकास को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। इस स्कीम के तहत राज्य-वार शुरू की गई परियोजनाओं की जानकारी **अनुबंध** में दी गई है।

*****

<u>अनुबंध</u>

'पीएम-डेवाइन की प्रगति' के संबंध में 13.08.2026 को उत्तर देने के लिए राज्य सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 2913 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

दिनांक 31.07.2026 तक पीएम-डिवाइन के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

क्र. सं.	**राज्य**	**स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या**	**लागत (रुपये करोड़ में)**
1	अरुणाचल प्रदेश	6	832.80
2	असम	4	1402.50
3	मणिपुर	7	561.00
4	मेघालय	7	773.90
5	मिजोरम	2	595.24
6	नागालैंड	7	552.83
7	सिक्किम	5	561.11
8	त्रिपुरा	6	619.18
9	केंद्रीय एजेंसी	9	603.23
	कुल	**53**	**6501.79**

*****